# जगह-जगह सड़कों के किनारे खड़े वाहन बन रहे खतरा

## राहगीरों को हर रोज करना पड़ रहा मुश्किलों का सामना

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 अगस्त. राजधानी की सड़कों पर चलना लोगों के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है. पैदल चलने वाले लोग भी सड़कों पर खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं. इसकी बड़ी वजह है शहर में जगह-जगह सड़कों के किनारे खड़े किए गए चार पहिया वाहन. होशंगाबाद रोड़, मिसरोद, त्रिलंगा, एमपीनगर, अशोका गार्डन, कोलार रोड़, न्यू मार्केट, लालघाटी, पीरगेट चौराहा, कलेक्ट्रेट सहित मुख्य मार्गों पर चार पहिया वाहन चालक अपने वाहनों को अवैध रूप से खड़ा कर रहे हैं.**





इन वाहनों की लंबी कतारें भी देखी जा सकती है. सड़क के किनारे वाहनों के इस तरह से खड़ा किए जाने से अन्य राहगीरों को मुश्किलों का सामना हर रोज करना पड़ रहा है. इसके चलते दुर्घटनाएं होने की आशंका भी बढ़ जाती है. भोपाल में सड़क किनारे जगह-जगह अवैध पार्किंग की समस्या जारी है, खासकर व्यस्त बाजारों में. शहर के एमपीनगर नगर और न्यू मार्केट के बाजारों में शापिंग के लिए आने वाले लोग अपन वाहनों को सड़कों पर ही खड़ा करते हैं. इसके चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. कई बार इसी समस्या के चलते जाम की स्थिति भी बनी रहती है. इस समस्या पर ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी दस्ता कमजोर साबित हो रहा है. समस्या के बने होने से पैदल यात्री और अन्य वाहन चालकों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. जानकारी के अनुसार शहर में ट्रैफिक पुलिस इस पर कार्रवाई चाहती है, लेकिन जब्ती की जगह और अन्य संसाधन की कमी होना राह में बाधक बने हुए हैं.

लालघाटी से जहांगीराबाद हर रोज दो पहिया वाहन से आवागमन करने वाले रजनीश ने बताया कि सड़कों के किनार चार पहिया वाहन कई स्थानों पर कतार से खड़े होते हैं. जिससे राहगीरों को आने जाने में या वाहनों को साइड़ में लगाने में समस्या का समाना आए दिन करना पड़ता है. गुलमोहर से एमपीनगर आने वाले दीपक सिंह ने बताया कि त्रिलंगा बाजार में हर शाम के समय लोग अपने चार पहिया वाहनों को मुख्य सड़क पर ही खड़ा कर रहे हैं. जिससे सड़क भी शकरी होती है और दुर्घटनाएं हो सकती है. कार्यवाही नहीं होने से अवैधरूप से वाहन खड़ा करने वालों के हौंसले भी बुलंद है.

### इनका कहना है...

ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जाती है. शहर के सभी जोन में 2 क्रेनों के माध्यम से वाहनों को हटाने की प्रक्रिया की जाती है. विभागीय अधिकारी भी मैदान में होते है जिससे कि चालानी कार्यवाही भी की जाती है.

**- दवेन्द्र यादव,**
एसीपी यातायात विभाग

अशोका गार्डन के रहवासी और आटो चालक विपिन ने बताया कि सड़कों के किनारे चार पहिया वाहन चालक बैखोफ हो कर अपने वाहनों को जगह-जगह खड़ा करते हैं. जिससे कि पैदल चलने वाले और अन्य वाहन चालकों को सावधानी से ही सड़क पर चलना पडता है. एमपीनगर में जाब करने वाले संतोष अहिरवार ने बताया कि जोन क्रमांक एक में कई कोचिंग संस्थाएं संचालित हैं. इस रोड़ पर भी वाहनों का आवागमन ज्यादा होता है. इसके बावजूद भी कोचिंग के विद्यार्थी और कर्मचारी यहां सड़कों के किनारे से मुख्य मार्ग तक वाहनों को खड़ा कर रहे हैं. जिससे दिन के समय ही लंबा जमा भी लगा होता है. राहगीर शंकर व्यास ने बताया कि कई बार चार पहिया वाहन चालकों से पार्किंग स्थल में ही गाड़ी खड़ी करने का अनुरोध करने पर लोग गलत व्यवहार करते हुए पेश आते हैं. चालानी कार्यवाही न होने से सभी बेफिक्र बने हुए हैं.

# एमपी के पैरामेडिकल कॉलेजों की जांच करेगी क्यूसीआई

**मान्यता में गड़बड़ी को लेकर हाईकोर्ट का आदेश**

**भोपाल.** मध्य प्रदेश में चल रहे पैरामेडिकल कोर्स घोटाले ने शिक्षा जगत को हिला कर रख दिया है. बिना उचित मान्यता और अधूरी सुविधाओं वाले कई कॉलेजों ने हजारों छात्रों को दाखिला देकर उनका भविष्य संकट में डाल दिया. अब मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने कड़ा संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की व्यापक जांच के आदेश दिए हैं.

हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) सभी मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल कॉलेजों की जांच करे और यह सुनिश्चित करे कि संस्थानों में सिर्फ पैरामेडिकल कोर्स ही संचालित किए जा रहे हों. कोर्ट ने यह भी कहा है कि कॉलेज परिसरों में किसी प्रकार का अन्य शैक्षणिक संस्थान या पाठ्यक्रम न चलाया जाए. क्यूसीआई को कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया की पारदर्शिता, बुनियादी ढांचागत सुविधाओं, प्रयोगशालाओं की कार्यक्षमता, शिक्षकों की योग्यता और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता की गहन जांच करने का निर्देश दिया गया है. यह मामला तब उजागर हुआ जब मप्र पैरामेडिकल काउंसिल ने 14 जुलाई 2025 को 166 संस्थानों को 2023-24 सत्र के लिए पिछली तारीखों से मान्यता दे दी. कोर्ट ने इसे तर्कहीन और असामान्य करार दिया. सवाल यह उठा कि जब मान्यता 2025 में दी गई, तो 2023-24 में कोर्स कैसे संचालित हो सकते हैं? जांच में सामने आया कि कुछ कॉलेज पहले से ही नर्सिंग कॉलेज घोटाले में सीबीआई द्वारा अयोग्य करार दिए जा चुके थे, बावजूद इसके उन्हें पैरामेडिकल कोर्स संचालित करने की मंजूरी मिल गई. इस पर लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन सहित कई संगठनों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए अदालत का रुख किया. याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि कई कॉलेजों ने बिना वैध मान्यता या न्यूनतम बुनियादी ढांचे के छात्रों को दाखिला दिया,

## एक नजर में

### ट्रेन में सफर कर रहे युवक का आईफोन छीना

**भोपाल, 9 अगस्त.** ट्रेन से सफर कर रहे एक युवक का आईफोन एक बदमाश छीन कर भाग निकला. शनिवार को भोपाल स्टेशन के आउटर पर ट्रेन की रफ्तार कम होने पर आरोपी को मौका मिला और बदमाश ने छपटा मार कर मोबाइल छीनते हुए ट्रेन से नीचे उतर गया. जानकारी के अनुसार रेल यात्री सौरभ ने अपने हाथ में मोबाइल लिया था. ट्रेन के अंदर इस तरह की घटना को लेकर उन्हें अंदेशा नहीं था. जब ट्रेन भोपाल स्टेशन की ओर आने लगी तभी उन्होंने जेब से फोन निकाला था. इसी बीच चोरी की नियत से ट्रेन में सवार अज्ञात बदमाश ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया. पीडित के अनुसार उनके फोन में जरूरी कागजात और पारिवारिक फोटो ग्राफ्स है. पीडित को डर है कि बदमाश के द्वारा कि भी कागजात के साथ छेड़खानी न हो जाए. पीडित ने अपने मोबाइल फोन की कीमत चालीस हजार रुपए बताई है. मामले की शिकायत जीआरपी में की गई है. यह घटना ओवर नाईट एक्सप्रेस में सफर के दौरान पीडित के साथ घटी है. जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जबलपुर निवासी सौरभ लोधी ओवर नाईट एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे थे. इंदौर जाने के लिए उन्होंने ट्रेन पकड़ी थी. ट्रेन में की की छिनौती की घटना से पीडित आहत भी है.

### छात्रा ने साथी छात्र पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**भोपाल, 9 अगस्त.** शहर के बिलखिरिया क्षेत्र में एक कालेज की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. आरोपी युवक भी उसी कालेज का छात्र है. आरोपी रात के समय छात्रा के घर नशे में पहुंचा और मारपीट करते हुए उसे जबरदस्ती अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा. जिसका छात्रा और उसके परिजनों ने विरोध किया. इस पर आरोपी ने पूरे मोहल्ले में हंगामा शुरू कर दिया. 20 वर्षीय छात्रा ने पुलिस शिकायत में बताया है कि आरोपी छात्र अभिषेक शादी का झांसा देते हुए लगातार दुष्कर्म कर रहा है. रात के समय वह अपने दो अन्य दोस्तों जिनका नाम आदित्य और अनुराग है उनके साथ वह छात्रा के घर पहुंच कर उसके परिजनों के साथ अभद्रता कर रहा था. आरोपी और उसके दोस्त नशे में होकर गाली गलोच कर रहे थे. जिससे पूरे मोहल्ले में हंगामे की स्थिति बनी और लोग भी परेशान हुए. बिलखिरिया पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है. आरोपियों की तलाश पुलिस लगातार कर रही है.

### भोपाल रेलवे ट्रैक पर मिला लापता युवक का शव

**भोपाल, 9 अगस्त.** बागसेवनिया ट्रैक पर युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी. घटना शुक्रवार रात की है. बताया गया कि युवक गुरुवार की शाम से लापता था. परिजनों ने बागसेवनिया थाने में इसकी शिकायत भी की थी. शनिवार की सुबह परिजनों ने शव का पीएम कराया. इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के मुताबिक विष्णु कीर (30) पुत्र सीताराम कीर अमराई बागसेवनिया में रहता था. वह कारपेंटरी का काम करता था. गुरुवार की रात को बिन बताए घर से निकला था. मोबाइल फोन भी घर ही छोड़ गया था. काफी तलाशने के बाद भी जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने मामले की सूचना थाने में दी. शुक्रवार को विष्णु की बॉडी रेलवे ट्रैक पर मिली. आस पास के लोगों ने बताया कि युवक ने स्वयं ट्रेन के सामने छलांग लगाई. शुरुआत में युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी. हालांकि परिजनों को बॉडी दिखाई तो उन्होंने पहचान विष्णु के रूप में की. मृतक के सीताराम कीर ने बताया कि उन्हें संदेह है कि बेटे ने प्रेम प्रसंग के चलते जान दी है. उसकी एक युवती से बात होती थी. संभवत- इसी से विवाद के बाद बेटे ने सुसाइड किया है. अन्य कभी किसी परेशानी का जिक्र बेटे ने घर पर नहीं किया.

### राजधानी में कुत्ते के काटने के मामलों में गिरावट

**भोपाल, 09 अगस्त.** राजधानी में कुत्ते के काटने के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है. नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) द्वारा राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के निर्देश पर किए गए सर्वे के अनुसार, वर्ष 2024 और जनवरी-जून 2025 की अवधि में छह बड़े शहरों इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और रतलाम में डॉग बाइट्स के मामलों की समीक्षा की गई. रिपोर्ट में भोपाल में सबसे कम मामले सामने आए, जबकि रतलाम पहले स्थान पर रहा.

# भोपाल में यासीन मछली के 50 पैडलर सक्रिय

**मछली के 15 गुर्गों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार**

**भोपाल, 9 अगस्त. राजधानी के हाईप्रोफाइल ड्रग तस्करी केस के मास्टरमाइंड यासीन अहमद उर्फ मछली के 15 गुर्गों की गिरफ्तारी क्राइम ब्रांच कर चुकी है. उसके बेहद करीबी अंशुल सिंह उर्फ भूरी को रिमांड खत्म होने के बाद 7 अगस्त को क्राइम ब्रांच ने जेल भेज दिया है.**

पूछताछ में पूरे नेटवर्क की अहम जानकारियां पुलिस को दी हैं. उसने बताया कि पब-क्लब में आने वाले युवक-युवतियों को यासीन ड्रग तस्करी के नेटवर्क में जोड़ता था. ड्रग डीलिंग के लिए टेलीग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल सिखाता था. माल की डिलीवरी विश्वासपात्र ग्राहकों को ही दी जाती थी. ऑर्डर देने के लिए खास कोडवर्ड का इस्तेमाल किया जाता था. पूरे शहर में यासीन के लिए 50 से अधिक लोग ड्रग तस्करी का काम कर रहे थे. यह लोग दिल्ली और राजस्थान से ड्रग लाने से लेकर भोपाल में खपाने तक का काम करते थे. अलग-अलग पब और क्लब में सक्रिय हैं गुर्गे यासीन के गुर्गे शहर के अलग-अलग क्लब और पब में सक्रिय रहते हैं. यहां आने वाली युवतियों और युवकों में से ऐसे लोगों को टारगेट किया जाता था जो पहले से ही शराब या अन्य नशे के आदी हों. उनसे दोस्ती के बाद शुरुआती दिनों में फ्री ड्रग दिया जाता था. लत लगने पर इनसे एक डोज की कीमत 7 से 10 हजार रुपए तक की वसूली जाती थी.

विदेशी नागरिकों से ड्रग डील के सबूत मिले यासीन और अंशुल के मोबाइल फोन में नाइजीरियन युवकों से चैट्स मिले हैं. सभी चैट्स में ड्रग डीलिंग के संबंध में बात हैं. इससे पहले भी क्राइम ब्रांच एक नाइजीरियन की गिरफ्तारी कर चुकी है. दो अन्य नाइजीरियन को भी पहचान कर हिरासत में लेने की बात कह रही है.

### एमडी ड्रग्स तस्कर का भाई भी हुआ गिरफ्तार

एमडी ड्रग्स तस्करों के खिलाफ भोपाल पुलिस की सघन कार्रवाई में एक और गिरफ्तारी हुई है. शुक्रवार को पुलिस ने तस्कर सनब्बर के छोटे भाई शाकिर को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया. उस पर बड़े भाई को छिपाने, फरार कराने और आपराधिक षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप है. अदालत में पेशी के बाद शाकिर को जेल भेज दिया. क्राइम ब्रांच के अनुसार, सनब्बर सोनिया कॉलोनी ऐशबाग का निवासी है और कुख्यात यासीन मछली गिरोह से जुड़ा है. गिरोह के खिलाफ कार्रवाई शुरू होते ही सनब्बर फरार हो गया था. शाकिर ने उसे शहर से बाहर निकालने और छिपाने में मुख्य भूमिका निभाई. पुलिस अब तक यासीन मछली गिरोह से जुड़े कई तस्करों को गिरफ्तार कर चुकी है.

# सुविधा : रेलवे ने लागू की राउंड ट्रिप पैकेज स्कीम



**यात्रियों को भीड़ से बचाव के साथ यात्रा का मिलेगा लाभ**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 09 अगस्त. रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए राउंड ट्रिप स्कीम शुरू की है. त्यौहारी सीजन में भीड़ से बचने व ट्रेनों का अधिकतम उपयोग करने के साथ-साथ परेशानी मुक्त टिकट सुविधा के लिए प्रयोगिक यह स्कीम शुरू की है. इस स्कीम में यात्रियां को रिर्टन जर्नी में 20 त्न डिस्काउंट मिलेगा.**

इस स्कीम में उन यात्रियो को डिस्काउंट का लाभ मिलेगा जो रिर्टन टिकट भी बुक करेंगे. इसमें यह सुनिष्चित किया जाना हे कि टिकट बुकिंग में दोनों ओर की (आना और जाना) यात्रा में यात्री की सभी जानकारियां समान होनी चाहिए. रेलवे द्वारा 13 अक्टूबर से की जाने वाली यात्रा के लिए 14 अगस्त से बुकिंग प्रारम्भ की जाएगी. 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक यात्रा करने वालों के लिए पहले बुकिंग होगी और इसी के सम्पर्क में वापिसी यात्रा के लिए 17 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक रिर्टन टिकट बुक की जाएगीय. इस स्कीम का लाभ उठाने के लिए यात्री को समान श्रेणी और समान जोडी ट्रेन में टिकट बुक करवानी होगी. इस स्कीम में टिकट बुक करवाने वालों को रिफंड का प्रावधान नहीं किया गया है और न ही टिकट मॉडिफिकेशन की सुविधा प्रदान की गई है.

जिन ट्रेनों मे फ्लेक्सी फेयर का प्रावधान है उनको इस स्कीम से बाहर रखा गया है. इस स्कीम में बेस किराये में 20 त्न छूट का लाभ केवल कन्फर्म टिकट पर ही लागू होगां. साथ ही किसी भी प्रकार की रियायते जैसे रेलवे पास, बाउचर, रेल यात्रा कूपन इत्यादि इसमें कवर नहीं किए जाएंगें. इस स्कीम के तहत दोनों तरफ की यात्रा के लिए टिकट बुक करवाने का माध्यम भी समान ही होना चाहिए जैसे यदि किसी यात्री ने जाने की टिकट यदि इंटरनेट बुकिंग के माध्यम से बुक की है तो रिर्टन जर्नी की टिकट भी इंटरनेट बुकिंग से ही होनी चाहिए यही रेलवे आरक्षण काउंटर से बुक टिकट पर लागू होगा.

# रेल अधिकारियों ने रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण



**स्वच्छता, यात्री सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन का लिया जायजा**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 अगस्त. रेल यात्रियों की सुविधा, आराम और संतोष को सर्वोपरि रखते हुए तथा स्टेशन परिसर की समग्र व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से शनिवार को पमरे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पीसीसीएम) मनीष तिवारी एवं मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने भोपाल मंडल के दो प्रमुख स्टेशनों का शनिवार के दिन दौरा किया. रानी कमलापति और भोपाल रेलवे स्टेशन निरीक्षण के दौरान विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे.**

निरीक्षण का प्रारंभ रानी कमलापति स्टेशन से हुआ, जहाँ तिवारी ने प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, वीआईपी लाउंज, सबवे और कंकॉर्स क्षेत्र का बारीकी से अवलोकन किया. उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेशन पर लगे साइनज बोर्ड और अधिक स्पष्ट, सुस्पष्ट एवं यात्री-अनुकूल बनाए जाएं, ताकि यात्री बिना किसी कठिनाई के आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें. इसके पश्चात तिवारी ने डीआरएम पंकज त्यागी के साथ संयुक्त रूप से भोपाल स्टेशन का निरीक्षण किया. उन्होंने प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, वीआईपी लाउंज का जायजा लेते हुए प्लेटफार्मों की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए. उन्होंने त्योहारों के समय भीड़ प्रबंधन हेतू उचित रणनीति बनाने के निर्देश दिए. उन्होंने आईआरसीटीसी के वीआईपी एवं एग्जीक्यूटिव लाउंज, पॉड स्टाइल रिटायरिंग रूम, सर्कुलेटिंग एरिया तथा फूड प्लाज़ा का निरीक्षण किया. साथ ही, प्लेटफार्म पर स्थित फूड स्टॉल का भी निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि यात्रियों को परोसा जाने वाला भोजन उच्च गुणवत्ता का हो और स्वच्छता मानकों का पूर्ण पालन किया जाए. तिवारी ने जनरल वेटिंग एरिया की स्थिति में सुधार पर विशेष जोर दिया.

### संपदा 2.0 से प्रदेश डिजिटल भूमि प्रबंधन में देश का अग्रणी राज्य

**भोपाल.** सीएम ने प्रदेशवासियों और वाणिज्यिक कर विभाग को बधाई देते हुए कहा कि संपदा 2.0 ने मध्य प्रदेश को डिजिटल भूमि प्रबंधन में देश का अग्रणी राज्य बना दिया है. इससे पारदर्शिता, कार्यकुशलता और लोगों की सुविधा में बढ़ोतरी होगी. अब बिना कार्यालय आए सुरक्षित और सरल पंजीयन संभव है. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने इसे ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने लगभग 140 में से 75 प्रकार के दस्तावेजों का फेसलेस, वीडियो केवाईसी आधारित, पेपरलेस ई-पंजीयन शुरू किया है.

# मच्छरजनित बीमारियों पर अंकुश लगाएगा प्रशासन

**ठोस कार्ययोजना बनाने और तत्काल कार्रवाई के निर्देश**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 अगस्त. जिले में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए प्रशासन सतर्कता दिखा रहा है. इसके लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश जारी किए गए हैं. कलेक्टर भोपाल ने इस संबंध में समस्त विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर उन्होंने अपने-अपने स्तर पर ठोस कार्ययोजना बनाने और तत्काल कार्रवाई शुरू करने की बात कही है.**

लेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव प्रबंधन, नियमित साफ-सफाई, स्प्रे और लार्वा नष्टीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने, शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग को विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने, शिक्षकों का प्रशिक्षण कराने और एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों को जागरूकता अभियान में शामिल करने, मत्स्यपालन विभाग को गेंबूशिया मछली उपलब्ध कराने, लोक निर्माण विभाग को निर्माण स्थलों पर जलभराव रोकने, विभागीय भवनों में मच्छररोधी जालियां और मच्छरदानी का उपयोग सुनिश्चित करने तथा निर्माण एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए कहा गया है.

मुख्य नपा अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग, स्प्रे और सफाई अभियान चलाने, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग को सभी छात्रावासों में मच्छरदानी उपयोग और जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनवाड़ी स्तर पर मलेरिया विभाग के साथ मिलकर भ्रमण करने, लार्वा नष्टीकरण के लिए लोगों को प्रेरित करने और जनजागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं. जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने बताया कि यह अभियान तभी सफल होगा जब सभी विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य करेंगे, जिससे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया और डेंगू के मामलों में प्रभावी कमी लाई जा सकेगी. कलेक्टर ने कहा कि मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है.

### शहर में 53 हज़ार और ग्रामीण में 11 हजार युवाओ ने ली सदस्यता

**भोपाल.** मप्र युवा कांग्रेस संगठन चुनाव के आकड़े जिलेवार जारी किए गए है. प्रदेश में सर्वाधिक उज्जैन में 74 हज़ार युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है. वही भोपाल शहर में 53 हज़ार और भोपाल ग्रामीण में 11 हज़ार युवाओं ने सदस्यता ली है. आंकड़ों को लेकर पार्टी प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि इन सभी युवाओं ने एक पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया माध्यम से अपने शासकीय दस्तावेजों के आधार पर सदस्यता प्राप्त की है. जिसके लिए 50 रुपय का शुल्क निर्धारित किया गया था. उन्होंने बताया कि प्रदेश में 15 लाख युवाओं ने इस प्रक्रिया में हिस्सा लिया. इस प्रक्रिया में एक सदस्य ने अपनी पंसद के छह उम्मीदवार जो प्रदेश अध्यक्ष ,महासचिव जिला अध्यक्ष और महासचिव विधानसभा और ब्लॉक के चुनाव लड़ रहे थे , उन्हें वोट दिया है. स्क्रूटनी प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद प्रदेश और जिला कार्यकारिणी परिणाम जारी किए जाएंगे.विवेक त्रिपाठी ने बताया कि सितंबर माह तक मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद नियुक्ति कर ली जाएगी. प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव इंटरव्यू के माध्यम किया जाएगा. जिसके लिए प्रथम दिन शीर्ष प्रत्याशियों को आमंत्रित किया जाएगा.

**अभियान** | लगेगी प्रेरित कला और प्रदर्शनी, हर घर तिरंगा अभियान से जागरुकता का संदेश

# 13-15 अगस्त तक घर-वाहनों पर तिरंगा फहराएं

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 अगस्त. जिले में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान जारी है. 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले वासियों को हर घर झंडा फहराने का संदेश देने के लिए शासकीय स्कूलों में रंगोली, निबंध, तिरंगा राखी एवं अन्य गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है.**




इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में बैनर पोस्टर एवं फ्लेक्स के माध्यम ग्राम पंचायत में भी अनेक गितिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं.

द्वितीय चरण अगस्त तक जिले में तिरंगा रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा. तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होगा, जिसमें घर एवं वाहनों पर तिरंगे फहराना, तिरंगा के साथ सेल्फी अपलोड करने एवं तिरंगे की दृश्यता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग, अभियान क्रियान्वयन यह एक राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है. जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीयता का भाव व राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है. यह अपेक्षा की गई है कि अभियान में जिले के समस्त ग्राम पंचायतो, अशासकीय एवं शासकीय संस्थाओं के छात्र-छात्रा एवं समस्त स्टॉफ की सहभागिता सुनिश्चित की जाए.

जिले की ग्राम पंचायतों में कई गतिविधियों का आयोजन शामिल होगी जिसमें सुजल गांव प्रतिज्ञाएं सामुदायिक सफाई अभियान परिसंपत्तियों की सफाई जागरूकता गतिविधियों जल संरक्षण और सार्वजनिक स्थानों आदि सहित प्रमुख स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह का समापन शामिल है. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव ओर नागरिक एकता की भावना पर आधरित है. हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम के तहत 11 अगस्त को ग्राम पंचायत आदि कार्याक्रम आयोजित अभियान अन्तर्गत समस्त शासकीय एवं आशासकीय शिक्षण संस्थाओं में तिरंगे से प्रेरित कला एवं तिरंगा प्रदर्शनी लगाई जाएगी.